अतिमहत्वपूर्ण

कार्यालय जिला कार्यकम अधिकारी – लखीमपुर खीरी।

पत्रांक डी-576/जि0का0अधि / संभव अभि0 / 2022–23 दिनांक 23 जून, 2022

समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी / प्रभारी
लखीमपुर खीरी।

विशय– 25–30 जून 2022 वजन सप्ताह मनाये जाने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार लखनऊ के द्वारा दिनांक 16.06.2022 को आयोजित जूम बैठक में संभव अभियान के अन्तर्गत दिनांक 25 से 30 जून 2022 तक वजन सप्ताह मनाये जाने के निर्देश प्राप्त हुये है। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा 0–5 वर्ष के बच्चों का वजन, लम्बाई व ऊचाई लेते हुये उसकी सूचना पोषण ट्रैकर ऐप पर फीड करने के साथ जन्म के समय कम वजन के बच्चों तथा सैम, मैम व गंभीर अल्पवजन की नामवार सूची बाल विका परियोजना अधिकारी, गांव की आशा, ए0एन0एम0 व ग्राम प्रधान के साथ साझा करने के निर्देश दिये गये है।

अतः उपरोक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां वजन सप्ताह में वजन लेते हुये सूचना संकलित कर पत्र से साथ संलग्न प्रारूप पर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में 30 जून 2022 को सांय 4:00 बजे तक lakhimpurkheridpo@gmail.com ईमेल पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

जिला कार्यकम अधिकारी
लखीमपुर खीरी।

पृष्ठांकन सं0 / तद्दिनांक।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित–

1. निदेशक, राज्य पोषण मिशन उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ।
2. जिलाधिकारी महोदय, लखीमपुर खीरी।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, लखीमपुर खीरी।

जिला कार्यकम अधिकारी
लखीमपुर खीरी।